संख्या -- BSDM/SDM -45/2019...2568

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग, बिहार

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन, पटना

सेवा में ,

सभी कौशल विकास केंद्र,
(बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निबंधित)

पटना, दिनांक- 27.12.23

विषय – बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत निबंधित सभी कौशल विकास केंद्रों पर आधार आधारित IRIS बायोमेट्रिक मशीन के आधार पर उपस्थिति दर्ज करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा Attendance Monitoring System (AMS) का क्रियान्वयन बिहार कौशल विकास मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों यथा . कुशल युवा कार्यक्रम, डोमेन स्किलिंग, आर०टी०डी०, आर०पी०एल० आदि में वर्तमान में आधार आधारित फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक मशीन द्वारा उपस्थिति दर्ज किया जा रहा है।

सभी कौशल विकास केंद्रों पर दर्ज किये जाने वाले आधार आधारित फिंगरप्रिंट उपस्थिति की और सुदृढ़ निगरानी हेतु आधार आधारित IRIS बायोमेट्रिक मशीन को लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। AMS Process के केंद्रों पर क्रियान्वन किये जाने के निमित्त UIDAI अनुमोदित IRIS बायोमेट्रिक मशीन जो की RD Registration Service Provider के SOP के अनुरूप निबंधित हो, का उपयोग किया जाना है।

अतः बिहार कौशल विकास मिशन, पटना से निबंधित सभी कौशल विकास केंद्रों को निदेशित किया जाता है कि UIDAI अनुमोदित RD registered आईरिस बायोमेट्रिक डिवाइस कि खरीदारी दिनांक 04.01.2024 तथा इस डिवाइस के BSDM के SOLAR पर uploading की प्रक्रिया दिनांक 12.01.2024 तक सुनिश्चित किया जाय ताकि दिनांक 15.01.2024 के बाद बनने वाले सभी नए तथा ongoing बैचों में आधार आधारित आईरिस बायोमेट्रिक मशीन के द्वारा हीं प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षुओं की उपस्थिति दर्ज की जा सके।

उपरोक्त प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वास भाजन

27.12.23

(सुरेश कुमार सिंह)
मिशन निदेशक,
बिहार कौशल विकास मिशन, पटना